तापमान

अधिकतम 47 .1 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री


हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 मई , 2024

11 रितिका ने अंडर-22 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता पदक



12 शराब कारोबारी की हत्या में शामिल बदमाश दिल्ली में ढेर



## खबर संक्षेप

### रोहट के पास शव बरामद, नहीं हुई पहचान

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के के सड़क मार्ग संख्या-334 बी पर रोहट के पास व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। गांव रोहट निवासी राजेश ने बताया कि वह गांव का चौकीदार है। गत 16 की रात करीब 11.30 बजे जमीदार ढाबा रोहट के पास सड़क मार्ग संख्या-334 बी के पास पहुंचा। जहां अमरूद के बाग के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था।

### मोबाइल चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज व प्रवीन निवासी सलीमपुर ट्राली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चटिया देवा निवासी मुकेश ने गत 14 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पास मोबाइल फोन है। गत 13 मई को दिन में ट्रैक्टर से अपने खेत को जोत रहा था। उसी दौरान खाना-खाते समय फोन को खेत की डोल पर रख दिया। उसके बाद अपना काम करने लगा। कुछ देर बाद जब वह वापिस लौटा तो उसका मोबाइल फोन नहीं मिला।

### छीनाझपटी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने मारपीट कर रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भोलू निवासी गढ़ी राई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मसगंज हाल में कुंडली निवासी देवेंद्र ने गत 24 मार्च को पुलिस को शिकायत दी थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गोहाना में विजय संकल्प रैली कर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गोहाना में शनिवार यानि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय संकल्प रैली करने के लिये आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी के प्रचार के लिये हुड्डा के गढ़ में पहुंच रहे नरेंद्र मोदी का मकसद भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाना है। इसीलिये गोहाना को चुना गया, ताकि सोनीपत के साथ-साथ रोहतक, करनाल और हिसार लोकसभा क्षेत्र तक मार की जा सके। क्योंकि गोहाना के साथ ही जींद, पानीपत और रोहतक का क्षेत्र नजदीक है, ऐसे में पीएम मोदी का कार्यक्रम गोहाना में रखा गया है। सेक्टर 16 में आयोजित होने वाली रैली को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर बाद 3: 30 बजे गोहाना के सेक्टर-16 में विजय संकल्प रैली को संबोधित करने के लिए पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भरोसा है कि मोदी की रैली से सोनीपत व रोहतक में खासा प्रभाव पड़ेगा। मोदी के जरिये भाजपा हुड्डा के गढ़ को भेदने पर जोर लगा रही है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पिछली बार भाजपा ने जीत दर्ज कर सभी को हैरान कर दिया था तो वहीं, सोनीपत में भाजपा लगातार दो बार जीत दर्ज करने के बाद अब हैट्रिक की आस में है। मोदी की इस रैली को लेकर भाजपा कार्यकताओं में जोश है और विपक्षी भी नजर गड़ाए बैठे हैं। विपक्षी दलों की नजर है कि आखिर मोदी गोहाना में किस विपक्षी नेता पर निशाना साधेंगे या फिर संकेतों में राजनीतिक हमला करेंगे।



सोनीपत से भाजपा ने मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा है, जिन्हें कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी से टक्कर मिल रही है। वहीं, रोहतक में भाजपा सांसद अरविंद शर्मा फिर से मैदान में हैं, जिनके सामने फिर से कांग्रेस के दिग्गज नेता दीपेंद्र हुड्डा चुनौती दे रहे हैं। इन दोनों ही सीटों पर भाजपा जीत दर्ज कर इस क्षेत्र से हुड्डा का वर्चस्व खत्म करने की कोशिश में लगी है। बेशक लोकसभा चुनाव में पिछली बार दोनों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी लेकिन विधानसभा चुनावों में सोनीपत जिले की छह विधानसभा सीट में से चार पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। गोहाना व बरोदा दोनों ही सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। गोहाना से मोदी सोनीपत, रोहतक, जींद व पानीपत के लोगों को साधने का प्रयास करेंगे। साथ ही झज्जर व करनाल के लोग भी रैली में आसानी से पहुंच सकेंगे। मोदी इससे पहले वर्ष 2014 में गोहाना की नई अनाज मंडी व वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मोहाना में रैलियां कर चुके हैं।

# पीएम के दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा, दो हजार जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ एसीपी व डीएसपी स्तर के करीब 30 अधिकारी तैनात
■ वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गोहाना के सेक्टर-16 के पास होने वाली महाविजय संकल्प रैली को लेकर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर सोनीपत समेत आसपास के जिलों से पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। सुरक्षा में दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर के मार्गदर्शन में डीसीपी स्तर के करीब 10 से अधिक अधिकारियों के साथ ही एसीपी व डीएसपी स्तर के करीब 30 अधिकारियों की ड्यूटी लगी है। साथ ही एसआई व इंस्पेक्टर रैंक के 80 से अधिक अधिकारी नियुक्त रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को पूर्वाभ्यास भी किया गया। एडीजीपी रोहतक रेंज केके राव व एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल ले शुक्रवार को सुरक्षा का जायजा लिया। एसपीजी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार किया गया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को पूरी तरह चौकस कर दिया गया है। पुलिस टीम के साथ ही खुफिया तंत्र भी मुस्तैद है। पुलिस की जांच के बगैर कोई भी व्यक्ति रैली स्थल तक नहीं पहुंच सकेगा। इसके लिए शहर के आसपास कई नाके लगाए गए हैं।

# 20 घंटे बाद मलबे से मिला श्रमिक का शव

## श्रीगणेश कत्था फैक्ट्री में धमाके के साथ फट गया था बॉयलर

## एनडीआरएफ ने तलाशा शव हादसे की जांच का दायरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्याऊ मनियारी-नरेला रोड स्थित दहिया कॉलोनी की श्री गणेश कत्था फैक्टरी में जोरदार धमाके के साथ बॉयलर फटने के बाद मलबे में दबे तीसरे श्रमिक का शव 20 घंटे बाद बरामद किया जा सका। एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम ने बुलडोजर व हाइड्रा की मदद शव को बरामद किया। पुलिस ने तीनों श्रमिकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। बिल्डिंग प्लॉन व सुरक्षाकर्मी नहीं होने से एनडीआरएफ को श्रमिक का शव तलाश करने में दिक्कत आई। वहीं मलबे के अंदर अंदर अमोनिया गैस कुलिंग चेंबर भी मिला है। जिसमें कत्था ठंडा किया जाता था। उधर, एसडीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

प्याऊ मनियारी में नरेला रोड पर स्थित श्री गणेश इंटरप्राइजेज में कत्था बनाया जाता है। फैक्टरी में बुधवार रात को छह श्रमिक कार्यरत थे। रात करीब साढ़े 11 बजे तेज धमाके के साथ फैक्टरी में बॉयलर फट गया था। जिससे चार मंजिल के भवन में चलाई जा रही फैक्टरी का लेंटर गिर गया था।



फैक्टरी में मलबे से मूलरूप से बिहार के जिला पश्चिमी चंपारण के बेतिया स्थित गांव अहीरोलिया के गुलाबी कुर्मी (45) व बेतिया के गांव भीकमपुर निवासी ब्रजेश (27) का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं बिहार के जिला मोतिहारी के गांव मठलोहिया निवासी सुखदेव (45) का सुराग नहीं लगा था। जिसके लिए वीरवार शाम छह बजे नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) की टीम बुलाई थी। टीम ने 20 घंटे बाद सुखदेव का शव बरामद किया। जिसके बाद तीनों शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया।

### शव बुरी तरह जला मिला

हादसे का शिकार हुए सुखदेव के एक पैर में छह उंगली थी। जिन्हें देखकर परिवार के सदस्यों ने उनके शव की पहचान की है। घटना के बाद उनकी बहन रोते हुए बताया कि भाई का शव पूरी तरह से जल गया था।

**अमोनिया गैस का चेंबर मिला:** एनडीआरएफ अधिकारी देवेंद्र ने बताया अंदर तलाशी के दौरान अमोनिया गैस का चेंबर मिला। अगर वह क्षतिग्रस्त हो जाता तो आसपास के लोगों की मुसीबत और बढ़ सकती थी। घटना के 36 घंटे बाद भी चेंबर में कुलिंग थी।

### पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

बिहार के जिला मोतिहारी के गांव मठलोहिया निवासी चंदन ने बताया कि दिल्ली के औचंदी में रहते हैं। उनके पिता सुखदेव पंडित प्याऊ मनियारी की कत्था कंपनी में 10 साल से कार्यरत थे। वह बुधवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। उनके साथ ब्रजेश व गुलाबी कुर्मी भी कार्यरत थे। पिता ने बताया था कि रात की भी ड्यूटी करनी पड़ेगी। उन्हें रात को काम नहीं करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। चंदन ने बताया कि उनके पिता ने कहा था कि एक मशीन सही ढंग से काम नहीं कर रही है। उसके बावजूद दबाव देकर काम कराया जा रहा है। उन्हें अंदेशा है कि इससे आग लग सकती है। वीरवार सुबह उन्हें आग लगने का पता लगा। जिसमें उनके पिता मलबे में दब गए। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसा फैक्टरी मालिक सुरेश बंसल, सुशील बंसल और अक्षत गुप्ता, ठेकेदार संदीप और मैनेजर के कारण हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे ने पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठा दिया है। सुखदेव के पास तीन बेटी व दो बेटे हैं।

### टीम को तीन जोन में बांटकर चलाया तलाशी अभियान



एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट देवेंद्र ने बताया कि 30 सदस्यीय टीम ने शाम छह बजे तलाश को अभियान शुरू किया। बिल्डिंग के पूरी तरह जर्जर होने, बीम व पिलर टूटने से तलाशी अभियान में दिक्कत आई। प्रशासन से बुलडोजर व हाइड्रा मशीन ली गई। उसके बाद वह साथ लाए संसाधनों में तलाश में जुटे। फैक्टरी का बिल्डिंग प्लान नहीं होने सुरक्षाकर्मी नहीं होने से किसी तरह की मदद नहीं मिल सकी।

### एसडीएम के नेतृत्व में जांच टीम ने किया निरीक्षण

एसडीएम अमित कुमार ने वीरवार रात को घटनास्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उनके नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया है। उन्होंने अपनी जांच को आगे बढ़ाया है। हालांकि अभी जांच पूरी करने में समय लगेगा। पूरी जांच के बाद ही वह कुछ जानकारी दे सकेंगे।

### सब्जी मंडी में किरयाने की दुकान में आग लगने से नुकसान

**सोनीपत।** शहर की सब्जी मंडी के पास किराने की दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देखकर लोगों ने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा सामान जल चुका था।

किराना दुकानदार राजकुमार ने बताया कि वह रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह अपने घर से दुकान पर गए थे। दुकान पर शटर उठाकर देखा तो दुकान के अंदर से धुआं उठ रहा था और वहां रखा सामान में आग लगी हुई थी। तभी उन्होंने मामले की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। साथ ही उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। जब तक अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची तब तक वह आग बुझा चुके थे। वहीं दमकल कर्मियों ने भी पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को दुकानदार राजकुमार ने दुकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया। आग लगने से दुकान में रखे चीनी, दाल, तेल व घी को ज्यादा नुकसान हुआ है। वहीं दुकानदारों ने आग लगने पर चिंता जताई।

# जन्मदिन की पार्टी करने गए किशोर की पीट-पीटकर हत्या

## आरोपितों ने मारपीट कर घर के बाहर फेंका, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज
■ पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाने गए युवक की पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावर युवक को पीटने के बाद घर के बाहर फेंककर चले गए। देर रात घर के बाहर घायल मिले बेटे को परिजनों ने नागरिक अस्पताल व बाद में खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक ने मौत से पहले बनाई गई वीडियो में तीन युवकों के नाम लिए है। जिस पर पुलिस ने पिता के बयान पर तीन नामजद समेत अन्य पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैयांपुर खुर्द निवासी नरेंद्र ने बताया कि उनका इकलौता बेटा अजय (17) 16 मई की देर शाम घर से बाहर निकला था। वह परिजनों को कहकर गया था कि वह अपने दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में जा रहा है।

### कैलाश कॉलोनी के पास झगड़ा

पुलिस को शुक्रवार दिन के समय कैलाश कॉलोनी में लड़ाई झगड़े में लगी चोट के कारण अजय के खानपुर अस्पताल में दाखिल होने की जानकारी मिली थी। जहां पर उसकी बाद में मौत हो गई। अंदेशा है कि वहीं हमला कर युवक को घर के बाहर फेंका गया है।

### आरोपितों की धरपकड़ में लगी पुलिस

झगड़े के दौरान युवक को पीट-पीटकर घायल करने व उपचार के दौरान उसकी मौत होने की शिकायत मिली है। इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया है। हत्यारोपितों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।
-राकेश कुमार, एसआई , जांच अधिकारी

### अजय घर के बाहर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला

वह पार्टी मनाने के बाद वापस लौट आएगा। वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। जिस पर परिवार के सदस्य सो गए। नरेंद्र ने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे उनके घर की डोर बेल काफी देर तक बजाई गई। जिस पर उनकी आंख खुल गई। उन्होंने दरवाजा खोला तो अजय खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे।

### परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे

वह तथा उनकी पत्नी सुरेखा बेटे अजय को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान अजय ने उन्हें तीन युवकों के नाम बताए। उसने आकाश, लक्की, बबल व अन्य पर हमले का आरोप लगाया। नागरिक अस्पताल से बेटे को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शाम को अजय का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।




### रात को खेत में जलते मिले फसल अवशेष, जुर्माना



**गोहाना।** गुरुवार की रात को जौली गांव में एक किसान के खेत में फसल के अवशेष जलते हुए मिले। इस पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे। आरोपी किसान पर जुर्माना लगा दिया गया। सोनीपत के जिला उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार को सैटेलाइट से जौली गांव में फसल के अवशेष जलते हुए दिखाई दिए। इस पर जिला उपायुक्त के आदेश पर विभाग के सोनीपत के डीडीए डॉ. पवन शर्मा और गोहाना के एसडीएओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा नंबरदार और पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे। वहां वास्तव में एक खेत में एक किसान ने फसल के अवशेष में आग लगा रखी थी। अधिकारियों ने अन्य किसानों को भविष्य में फसल के अवशेष न फूंकने की नसीहत दी। शुक्रवार को विभाग के सुपरवाइजर जनदीप ने आरोपी किसान पर 2500 रुपए का जुर्मार्ना ठोक दिया।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोनीपत के कर्मचारियों ने जिला प्रधान देशराज नैन, जिला सचिव सुनील दत्त की अध्यक्षता में भाजपा नेता मोहन लाल बड़ौली को मांगपत्र सौंपा। जिसमें मांग की गई की प्रदेश की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में किसी भी कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया । अतः कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए।

प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा खाली पड़े पदों को नियमित भर्ती द्वारा विभिन्न विभागों में भरे जाए, विभिन्न यूनियन के साथ उनकी मांगों को लेकर बार-बार आंदोलन के बाद किए गए समझौता को लागू किया जाए। इस मौके पर देवेंद्र दहिया, जोगिंदर मास्टर, दिनेश, विजेंद्र चहल, जगमंदिर, राजा भाई, मास्टर रोहतास, संदीप टूर, आनंद हुड्डा, मुकेश त्यागी, ओमप्रकाश मलिक, पंडित सतवीर शर्मा आदि मौजूद रहे।




नर समुद्री घोड़े अपनी संतान को जन्म देते हैं।


बिल्लियों के समूह को क्लाउडर कहा जाता है।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## कंप्यूटर का आज बहुत महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### क्या होता है कार्य

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

### 12वीं की पढ़ाई के बाद यह एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स

# बिजनेस की बारीकियां समझते हैं तो बीबीए कर बना सकते हैं अच्छा करियर

## युवाओं के लिए बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

विद्यार्थी अपने करियर में कई तरह के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स कर के करियर को सफल बनाने के बारे में प्रयास करता है। विद्यार्थी अपने विषय वर्ग के आधार पर ही उच्च स्तर के पढ़ाई के बारे में सोचता है और उच्च स्तर की पढ़ाई को अपने



ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विषय वर्ग के आधार पर ही तय करता है। जो विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं। यानी कि जो विद्यार्थी अपने भविष्य में बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए और बिजनेस से जुड़ी इकोनामी और मार्केटिंग स्ट्रैटजी के बारे में डिग्री लेना चाहते हैं, तो उन विद्यार्थियों के लिए भी बीबीए की डिग्री बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। विद्यार्थी बीबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को बिजनेस के क्षेत्र में सफल बना सकता है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीबीए कोर्स क्या होता है और बीबीए कोर्स कैसे करें, इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

### क्या होता है बीबीए

भारत में बहुत सारी यूनिवर्सिटी जो बीबीए कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। बीबीए कोर्स जो 12वीं की पढ़ाई के बाद एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है। इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी को 6 सेमेस्टर यानी कि 3 साल तक पढ़ाई करनी होती है। बीबीए कोर्स करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कई क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकता है और उसके बाद मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को सुधार सकता है। बीबीए का फुल फॉर्म "बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन" है। जिसे हिंदी में व्यवसाय प्रबंधन में ग्रेजुएशन कहा जाता है।



### क्या है योग्यता

*जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करना चाहता है। उस विद्यार्थी के पास कुछ योग्यता होनी अनिवार्य है। क्योंकि योग्यता के आधार पर ही विद्यार्थी को बीबीए कोर्स में आवेदन मिलता है। बीबीए कोर्स करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय वर्ग के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज है, जो 60% न्यूनतम अंक पूछते हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी है और बारहवीं कक्षा के बाद किसी कॉलेज में एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होता है। तो उस एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर एडमिशन लेना होगा। अन्यथा आप डायरेक्ट बारहवीं कक्षा के बाद बीबीए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।*

### कैसे करें बीबीए

*जो विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे कुछ चरण मौजूद करवाए गए हैं। उन चरणों को फॉलो करते हुए विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकता है। सर्वप्रथम विद्यार्थी को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। 12वीं कक्षा में विद्यार्थी न्यूनतम 50% या न्यूनतम 60% अंक के साथ पास कर सकता है। कई कॉलेज जो 50% अंक के बावजूद भी आप को एडमिशन दे देते हैं। लेकिन कई कॉलेज में न्यूनतम मार्क्स के तौर पर 60% अंक होने अनिवार्य है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कॉलेज में जाता है। कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को 3 साल की अवधि यानी कि 6 सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस कोर्स को पूरा करना है और बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना है।*

### कितनी फीस होती

*बीबीए करने के लिए कितना खर्चा आएगा इसके बारे में बात की जाए, तो बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवार को फीस के तौर पर 3 साल में कुल 100000 से लेकर 150000 तक खर्चा आता है। कई प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक भी हिसाब से वसूली जा सकते हैं।*

***बेहतरीन कॉलेज :*** *भारत की जनसंख्या के आधार पर भारत में लाखों की संख्या में विश्वविद्यालय में मौजूद होंगे लेकिन कई बार भारत के टॉप कॉलेज पर बात आकर अटक जाती है। भारत के टॉप बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं: क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल, नोएडा, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नोएडा विल्सन कॉलेज, मुंबई, शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई, नेशनल इंस्टियूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान।*



### कितने साल का कोर्स

*बीबीए कोर्स कितने साल का होता है? यह सवाल कई लोगों के मन में हमेशा खटकता रहता है। बीबीए कोर्स दो-तीन साल की अवधि के लिए कॉलेज के द्वारा प्रदान करवाया जाने वाला एक ग्रेजुएशन कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 3 साल यानी कि 6 सेमेस्टर के दौरान पूरा कर सकता है। विद्यार्थी 6 सेमेस्टर के साथ इसका सर्टिफिकेट हासिल कर सकता है।*

### कोर्स के विषय

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर किन किन विषयों के साथ हो सकता है। इसके बारे में जानकारी लेना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर रहा है। उन विद्यार्थियों के लिए बीए में कौन-कौन से विषय होते हैं। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- फाइनेंसिएल एकाउंटिंग
- प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट
- क्वांटीटेटिव टेक्निकस
- बिजनेस इकॉनोमिक्स
- कॉस्ट एकाउंटिंग
- मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- स्टेटिस्टिक मैनेजमेंट
- डायरेक्ट एंड इन डायरेक्ट टैक्स
- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- बिजनेस मैथिमेटिक्स
- सिक्योरिटी एनालिसिस
- कॉरपोरेट प्लानिंग
- प्रोडक्शन एंड मैटिरियल मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल मार्केटिंग
- ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- ऑपरेशनस रिसर्च
- इंडस्ट्रियल रिलेशनस
- पर्सनल मैनेजमेंट
- बिजनेस फाइनेंस
- इंवायरमेंटल मैनेजमेंट
- हयूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट
- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन

### बीबीए के बाद क्या करें

जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर लेता है, तो उसके पश्चात विद्यार्थी को आगे मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेने का एक सुनहरा मौका होता है। एमबीए की डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी अपने आपको बिजनेस के क्षेत्र में काफी परफेक्ट बना सकता है और बिजनेस के कई विषयों को गहराई के साथ पढ़ सकता है। जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करने के बाद डिग्री लेने की बजाय सीधा जॉब करना चाहता है, तो बीबीए कोर्स के बाद विद्यार्थी जॉब कर सकता है। लेकिन बीबीए कोर्स के बाद कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं। इसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

*एमबीए, पीजीडीएम, एलएलबी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकिंग में पीजी डिप्लोमा, एमएमएस, वित्त प्रबंधन में मास्टर्स, डाटा साइंस में पीजी सर्टिफिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग में मास्टर्स ।*

***जॉब के अवसर :*** *जो उम्मीदवार बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों के लिए कई तरह की नौकरी **bba** कोर्स करने के बाद उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थी बीबीए कोर्स करके नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है:*

*बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, यात्रा एवं पर्यटन मैनेजर, इवेंट मैनेजर*

# नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि समूह को प्रेरित करना और आगे बढ़ाना भी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नेतृत्व का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या शिक्षा। खासकर छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं। नेतृत्व का सही अर्थ केवल आदेश देना नहीं है, बल्कि समूह को एक दिशा में प्रेरित करना और उनके साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस लेख में, हम छात्रों में नेतृत्व कौशल के महत्व, उनके विकास के तरीके और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। नेतृत्व का सीधा संबंध समाज और संगठन के विकास से है। एक अच्छा नेता केवल अपने अनुयायियों को ही नहीं, बल्कि समग्र समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जाता है। छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का होता विकास

**स्वयं की पहचानः** नेतृत्व छात्रों को अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

**समूह कार्यः** नेतृत्व कौशल छात्रों को टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। यह उन्हें समूह में सामंजस्य बैठाने और दूसरों के विचारों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्णय लेने की क्षमताः** एक नेता को सही समय पर सही निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। छात्रों में यह क्षमता उन्हें भविष्य में जटिल परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**संचार कौशलः** नेतृत्व कौशल छात्रों में प्रभावी संचार कौशल का विकास करता है, जो उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण होता है।

**नेतृत्व कौशल का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसे निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त किया जा सकता हैः**

**शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाएंः** विद्यालय और कॉलेज नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कर सकते हैं। इनमें छात्रों को नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जा सकता है।

**समूह परियोजनाएंः** छात्रों को समूह परियोजनाओं में शामिल करना नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। इससे वे एक टीम में काम करना और नेतृत्व करना सीखते हैं।

**विवाद और भाषण प्रतियोगिताएंः** इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के विचारों की स्पष्टता और संप्रेषण कौशल में सुधार होता है।

## नेतृत्व का प्रभाव

नेतृत्व कौशल का छात्रों के जीवन पर व्यापक प्रभाव होता है। यह न केवल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधारता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी समृद्ध बनाता है।

**सफलता की ओर अग्रसर होते हैंः** एक अच्छा नेता अपनी क्षमताओं और अन्य लोगों की क्षमताओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में निर्देशित करता है।

**समस्याओं का समाधान करते हैंः** नेतृत्व कौशल समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

**अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैंः** अच्छे नेतृत्व कौशल वाले छात्र अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं, जिससे पूरी छात्र समुदाय का विकास होता है।

**समाज में योगदान देते हैंः** नेतृत्व कौशल से लैस छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करते हैं और समाज की प्रगति में योगदान देते हैं।

नेतृत्व कौशल का विकास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी सफल बनाता है। विद्यालयों और कॉलेजों को चाहिए कि वे छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयास करें और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनसे वे एक प्रभावी और जिम्मेदार नेता बन सकें। छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव रखता है। नेतृत्व कौशल किसी भी देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से भारत जैसे युवा देश के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जहां युवा जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बनाती है। युवा ही भविष्य के नेता होते हैं और उनका नेतृत्व कौशल देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### रविवार को लगेगा रक्तदान शिविर

**गोहाना।** रक्तदान-नेत्रदान-देहदान के लिए समर्पित संस्था आहुति रविवार को बरोदा रोड पर स्थित विरमानी अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाएगी। आहुति के को-ओर्डिनेटर सन्नी निरंकारी के अनुसार रक्तदान शिविर की मुख्य अतिथि गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी होंगी। रक्तदान शिविर का संयोजन डॉ. रोहित विरमानी और डॉ. दीप्ति विरमानी करेंगे।

### करियर से संबंधित हुआ इंटरएक्टिव सेशन

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने करियर क्रॉस रोड्स /"चूज योर पाथ और थ्राइव /" नामक एक इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को अपने करियर से संबंधित विकल्पों पर विचार विमर्श द्वारा प्रेरित किया गया कि किस तरह से वे अपने करियर के लिए सही रास्ता चुने और भविष्य में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए कैसे अपनी मंजिल पर सफलतापूर्वक आगे बढ़े। कॉलेज निदेशक डॉ. शिवानी ठाकुर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले मेधावी सम्मानित

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में स्कूल के सभी विद्यार्थी उतीर्ण हुए और अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत कुमार ने सम्मानित किया। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक के साथ यति प्रथम, 94.8 प्रतिशत अंक के साथ अमन द्वितीय और 91.6 प्रशित अंक के साथ जोया तृतीय स्थान पर रही।

### गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई का उठाया बीड़ा

**सोनीपत।** मानव सेवा ट्रस्ट सोनीपत ने विकट परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के बच्चों के लिये स्कूल में शिक्षा का इंतजाम करवाया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमित अलख ने बताया कि जीवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल गीता भवन के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई के लिये मदद का प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें पालाराम ने तुरंत स्वीकार किया। इसके उपरांत स्कूल में बातचीत ऐसे बच्चों को एक प्रकार से गोद लिया गया है।

### मूक बधिर बच्चों के स्कूल में दिए 10 कूलर

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने बधिर (गूंगे व बहरे) बच्चों के स्कूल मे गर्मी में बच्चों की परेशानी को देखते हुए 10 कूलर उपलब्ध करवाये तथा पहले के रखे 3 कूलरों की मोटर बदलवाकर ठीक करवाया। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि शहर के गणमान्य लोगों से इन कूलरों की अपील की गई तो मात्र एक घंटे में कूलर इकठ्ठे हो गए। जिनमें हेमंत गर्ग, विजय गर्ग, सोमबीर मलिक, सतप्रकाश मलिक, रामकुमार बल्लु, बबीता दिनेश कुच्छल, नरेश मित्तल दिल्ली, सुरेश सिंगला, गीता देवी, डॉ. कैलाश गुप्ता द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर व्यापारी बसंत जैन भी मौजूद रहे।

### मतदान की तारीख करीब आते ही प्रशासन व संस्थाओं के कार्यक्रम शुरू

# अपराध नियंत्रण के लिए राजनीतिक संकल्प शक्ति मजबूत होना जरूरी

देश को सही दशा में ले जाने के लिए सोच समझ कर मतदान अवश्य करें ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके


कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व डीजीपी पीवी राठी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा के पूर्व डीजीपी पीवी राठी शुक्रवार को भिगान गांव के निजी कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि देश को सही दशा में ले जाने के लिए सोच समझ कर मतदान अवश्य करें। पूर्व डीजीपी ने पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश में अपराध को कम करने के लिए राजनीतिक संकल्प शक्ति मजबूत होना बहुत जरूरी है। राजनेताओं को पुलिस को पूरी शक्तियां देनी चाहिए, ताकि वह निष्पक्ष होकर काम कर सकें। जब तक पुलिस प्रशासन में राजनीति शामिल रहेगी तब तक पुलिस अपराध पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगा पाएगी। उन्होंने नफे सिंह राठी की हत्या पर शोक जताते हुए पुलिस से सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। किसानों पर पीवी राठी ने कहा कि सरकार को किसानों के लिए अलग से पैकेज निकालना चाहिए, ताकि किसान को किसी तरह से कोई परेशानी न हो। हरियाणा के पूर्व डीजीपी पीवी राठी शुक्रवार को भिगान गांव के निजी कार्यक्रम में पहुंचे।इस दौरान नरेश राठी, सुनील राठी, सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी, सतबीर फौजी, श्रद्धानंद सोलंकी, गुरेंद्र धनखड़, राम सिंह शर्मा, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत

**गन्नौर।** मतदाता जागरूकता अभियान की एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फैक्ट्रियों के गेट पर मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए पोस्टर चस्पाए और उद्योगपतियों के साथ-साथ कामगारों को भी मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही अपने परिवार एवं पड़ोसी को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में स्टीकर और पोस्टर लगाने का लअभियान निरंतर चलता रहेगा, एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह ने मतदान के दिन 25 मई को औद्योगिक प्रतिष्ठान को बंद रख शत-प्रतिशत मतदान कराने का आह्वान किया।

## लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक करेगा क्लब


- 19 मई को सुबह 6 बजे शुरू की जाएगी मैराथन
- अभियान का मुख्य उदेश्य हर नागरिक को देश के प्रति उसकी जिम्मेवारी के बारे में अवगत कराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन द्वारा रविवार को शहर के लोगो को आने वाले इलेक्शन में अपनी वोट की महत्वता के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किया जायगा। क्लब प्रेजिडेंट रविन्द्र भारद्वाज ने बताया कि इस अभियान में युवाओं की भागीदारी मुख्य रूप से रहेगी जिसके लिए गेटवे कॉलेज , एस आर एम यूनिवर्सिटी , जी वी एम कॉलेज के विधार्थी शामिल होंगे। इस अभियान का मुख्य उदेश्य हर नागरिक को देश के प्रति उसकी जिम्मेवारी के बारे में अवगत कराना है जिसमे वोट का अहम योगदान होता है। रविन्द्र भारद्वाज ने बताया कि हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में न सिर्फ अपने परिवार सहित वोट डालने जाए बल्कि दुसरो को भी प्रेरित करे।

इस अभियान की शुरूआत 19 मई को सुबह 6 बजे नजदीक गेटवे कॉलेज की जायगी जिसमे छात्रो की प्रस्तुति के साथ मैराथन का भी आयोजन किया जायगा।

## राष्ट्रीय प्रोद्योगिक दिवस पर तकनीकी के टिप्स दिए


सानीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत के प्रांगण में शुक्रवार को राष्टद्रीय प्रोद्योगिक दिवस मनाया गया है। इस दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने छात्र-छात्राओं को नई तकनीकी सम्बन्धी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई तकनीकी को अपना कर छात्र अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है। उन्होंने नई तकनीकी का महत्व बताते हुए छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर चैंपियन जिम के डायरेक्टर ताराचंद गांधी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान इनके साथ पाईट कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 तनु जुनेजा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक श्योराण मौजूद रहें।

तारा चन्द गांधी ने छात्रों को संबोधित करते हुए नई तकनीकी के बारे में प्रेरित किया। राष्ट्रीय प्रोद्योगिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम स्थल पर पोस्टर मेंकिग, सांइस प्रोजेक्ट और डेक्लेमेंशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर मेंकिग में सचिन ने प्रथम स्थान, गौरव ने द्वितीय स्थान व तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांइस प्रोजेक्ट में सचिन ने प्रथम स्थान, प्रिया ने द्वितीय स्थान व मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डेक्लेमेंशन में शिवानी से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशिका सीमा देवी, वर्ग अनुदेशक सुरेश कुमार, डा. प्रवीन, करतार, मनीष, डा. ज्योति, डा. सुनील, ज्योति व प्रदीप उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में किया गया शैक्षणिक व प्रशासन लेखा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में शुक्रवार को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की तरफ से शैक्षणिक व प्रशासन लेखा परीक्षण किया गया। इस लेखा परीक्षण टीम में अध्यक्ष डॉ विनीता हुड्डा, सदस्य डॉ दर्शना प्राचार्या कन्या महाविद्यालय, कुलवर्धन व्यास औद्योगिक एक्सपर्ट, किरण सरोहा प्राचार्या, विनोद मलिक प्रभारी आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति शामिल रहे। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की तरफ से जारी दिशा निदेर्शों के आधार पर महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों, आंतरिक परीक्षा, महाविद्यालय परिणाम, ग्रांट, शिक्षक सदस्यों के अनुसंधान व प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस आधार पर विभाग द्वारा जारी किए गए सभी बिंदुओं के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की गई, जो विभाग को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाएगी। यह वार्षिक लेखा परीक्षण प्रदेश के सभी सरकारी महाविद्यालयों में मई और जून के माह में आयोजित किए जा रहे हैं।


खरखौदा। लेखा परीक्षण करते हुए टीम के सदस्य

### 13वां पेंशन वितरण समारोह 19 मई को

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की सोनीपत ईकाई द्वारा 13वां पेंशन वितरण समारोह का 19 मई को आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि अग्रसेन भवन सेक्टर 14 में समारोह का आयोजन होगा, जिसमें संदीप तायल द्वारा भक्तिरस की बयार बहाई जाएगी, इसके उपरांत पेंशन वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कविता जैन, सीएम के पूर्व मीडिया सलाहाकार राजीव जैन के सानिध्य में कपूर चंद सूर्य प्रकाश अग्रवाल मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर गोपाल शरण गर्ग, संजय बंसल, हरिप्रकाश मंगल तथा अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर सतपाल बंसल, ब्रह्मप्रकाश मित्तल, पावेल गर्ग, सीए पंकज गोयल रहे।

## कन्या विद्यालय के साथ बने नाले छात्राओं के लिए बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। स्कूल के सामने टूटे पड़े नाले। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने नगर पालिका द्वारा नाले बनाए हुए हैं। उन पर अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग की रहे हैं। जबकि स्कूल के साथ इस तरह से वाहन खड़े किया जाना सही नहीं है। लेकिन फिर भी वहां पर अवैध रूप से लोग अपने वाहन नाले पर खड़ा कर रहे हैं। जिससे नाले का काफी हिस्सा टूट चुका है। हमेशा इस बात का खतरा बना रहता है कि स्कूली बच्चे इसमें गिर सकते हैं और उन्हें चोट लग सकती है। इसके बावजूद नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। स्कूल प्रशासन ने मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन को दी है। प्रिंसिपल नीलम दलाल ने बताया कि स्कूल के सामने अवैध पार्किंग के रूप में वाहन खड़े किए जाते हैं और कई बार तो वाहनों में व्यक्ति बैठे भी रहते हैं। यहां से बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल के बाद अपने घर के लिए जाते हैं। बच्चों के साथ कोई हादसा भी हो सकता है। स्कूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए यहां पर वाहन खड़े किए जाने पर रोक लगाई जानी चाहिए है।


फोटो 17 एसएनपी 12. विजेता खिलाड़ियों के साथ विद्यालय का स्टाफ।

### रोलर स्केटिंग में सराहनीय रहा प्रदर्शन

**सोनीपत।** पहली इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता कुंडली सोनीपत में आयोजित की गई। जिसमें रुक्मिणी देवी स्कूल के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उनमें से 12 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किए। जिसमें से 2 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल और 6 ब्रॉन्ज मेडल हैं। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें रुक्मिणी देवी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों के स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता व कोऑर्डिनेटर मैम डेजी गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों व कोच विकास शर्मा और खेल इंचार्ज विनीत दहिया का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। इससे शारीरिक विकास और खेल भावना बढ़ती है।

### योगा ओलम्पियार्ड की टीम में चार का चयन

**गन्नौर।** योगा ओलम्पियार्ड प्रतिस्पर्धा का गनौर ब्लॉक की गनौर स्टेडियम में खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार की अध्यक्षता में योग प्रतियोगिता हुई। ज़िला स्तरीय टीम की लिये प्रयास इंटरनैशनल स्कूल की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। कुमारी तनु, करिश्मा , साक्षी व माही ब्लॉक स्तरीय टीम में खेलेंगी । स्कूल प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को अच्छी तैयारी के लिये प्रेरित किया। स्कूल खेल अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रयास स्कूल में 14 खेलों की प्रयास नर्सरी चल रही हैं, जिसमे खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

## रितिका दहिया ने बॉक्सिंग में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। विजेता खिलाड़ी के साथ कोच एवं अन्य।

- अंडर 22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रितिका का जलवा

अस्ताना, कजाकस्तान में 27 अप्रैल से 7 मई तक अंडर 22 एशियन वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत की रितिका दहिया ने +80 किलो भार वर्ग में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि कजाकस्तान में आयोजित अंडर 22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एशिया के सभी देशो ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी की रितिका ने कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल, एकेडमी व देश का नाम रोशन किया। इससे पहले भी रितिका सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी हैं। रितिका की इस उपलब्धि से उनके परिवार व लिटल एंजल्स स्कूल में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने पदक विजेता बॉक्सर रितिका दहिया को बधाई दी और उनको भविष्य में और बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### मिट्टी जांच के बारे में किया जागरूक

**गन्नौर।** गांव सांदल कला में मृदा परिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को बताया कि किसान हर तीन साल में अपने खेत की मिट्टी भी जांच करवानी चाहिए। उन्होंने किसानों को मृदा नमूना लेने की विधि के बारे में विस्तार से समझाया। किसानों को बताया मृदा नमूना खाली खेत से ही होना चाहिए। गीली मिट्टी और पेड़ के नीचे की मिट्टा का नमूना नहीं लेना चाहिए। खेत के रस्ते की मेढ़ से 10 फुट अंदर की भूमि से मृदा नमूना लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसान कस्सी से खेत में वी आकार का गड्ढा लगभग 6 इंच गहरा बनाकर उसकी साईड की परत खुरच कर नमूना एकत्रित करें और उसे थैली में पैक करने के पश्चात नमूने की पहचान के कवर में किसान का नाम, गांव, मोबाइल नंबर व खेत की पहचान जरूर अंकित कर भेजें।

### खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में हुआ आयोजन

# निपुण मिशन के अंतर्गत शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के समापन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शिक्षा अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों के लिए चलाए जा रहे चार दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण के पाँचवें व अंतिम बैच का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के समापन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र तथा निपुण हरियाणा लोगो लगे हुए मग प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान 200 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले प्रतिभागियों में खण्ड के सभी प्राथमिक अध्यापक, बीआरपी तथा एबीआरसी शामिल रहे। इन चार दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर किरण डारोलिया, सविता देवी, स्नेहलता, कविता तथा संजीव रावल द्वारा शिक्षकों को कक्षा चौथी व पाँचवीं की अभ्यास-पुस्तिकाओं, पाठ्यचर्या की रूपरेखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भाषा शिक्षण की रणनीतियाँ आदि से अवगत कराया तथा हिंदी, अंग्रेजी व गणित की अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक एकेडेमिक प्लान, आकलन, शिक्षण अधिगम सामग्री और पुस्तकालय के महत्त्व आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. नवीन कुमार, राजेश, सचिन, कविता, नीना, रीना, सीमा, मनीष आदि का विशेष सहयोग रहा।


सोनीपत। नैक पीयर टीम के सदस्यों के साथ कॉलेज प्राचार्या एवं अन्य।

### महाविद्यालयों का निरीक्षण करने पहुंची पीयर टीम

**सोनीपत।** टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को नैक पीयर टीम ने निरीक्षण किया। नैक पीयर टीम के सदस्यों में डॉ. चन्द्रकला पाड़िया, चेयर पर्सन, डॉ. एम. डेनियल मुथैया, मेंबर कोऑर्डिनेटर और डॉ. बबन तायवाडे, मेंबर रहें। कॉलेज- प्राचार्या डॉ. संतोष राठी, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर गीता, नैक कोऑर्डिनेटर डॉ. हेमलता व निर्मल ने नैक पीयर टीम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नैक पीयर टीम ने दीप प्रज्जवलन के साथ महाविद्यालय के निरीक्षण का शुभारंभ किया। टीम ने संस्था के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया, महासचिव भूपेन्द्र सिंह दहिया व कोषाध्यक्ष रंजनीत मलिक से बातचीत करते हुए संस्था सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। पहले दिन कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने टीम के समक्ष कॉलेज सम्बंधित सभी प्रकार का ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। नैक पीयर टीम की अध्यक्षा डॉ. चन्द्रकला पाड़िया ने अपनी रिपोर्ट कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी को दी। कॉलेज प्रचार्या डॉ. संतोष राठी ने नैक पीयर टीम के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत, गुहणा**
**खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. 9729777711, 9996140000**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव में स्थित 10 पंचायती तालाबों की बोली करवाई जानी है। जो कि 27 मई 2024 को सुबह 10 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायें।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत,
गुहणा खण्ड सोनीपत

भाऊ गैंग का शार्प शूटर था गोली जेल से 6 माह पहले पेरोल पर आया था बाहर

# शराब कारोबारी की हत्या में शामिल बदमाश दिल्ली में ढेर

■ दिल्ली पुलिस ने रोहतक के बदमाश को मुठभेड़ में किया ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल के गुलशन ढाबे पर शराब ठेकेदार की गोलियां मारकर बेरहमी से हत्या करने की वारदात में शामिल हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग के शार्प शूटर अजय उर्फ गोली निवासी रिटौली रोहतक को दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने गांव खेड़ा खुर्द के पास मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपित करीब छह माह पहले जमानत पर आया था। 2020 के बाद पहली बार उसका नाम हाल ही में मुरथल के गुलशन ढाबे पर शराब ठेकेदार की हत्या व दिल्ली के तिलकनगर में हुई फायरिंग में आया था, जिसमें पुलिस को उसकी तलाश थी।



सोनीपत। मुठभेड़ के बाद का दृश्य तथा मृतक का फाइल फोटो।

## दिल्ली में हुई फायरिंग में भी वांछित था गोली

अजय उर्फ गोली का नाम 2020 के बाद पहली बार मुरथल में ढाबे के पास 10 मार्च को शराब ठेकेदार की हत्या में जुड़ा था। छह मई को दिल्ली के तिलकनगर में शोरूम संचालक से फिरौती के लिए हुई फायरिंग में भी वह वांछित था। दिल्ली पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर रात करीब 11 बजे होंडासिटी गाड़ी को टिडेन कर रुकने का इशारा किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से अजय उर्फ गोली घायल हो गया तथा घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके पास से दो पिस्तौल, कारतूस भी बरामद किए।

### ठेकेदार की हत्या का वीडियो हुआ था वायरल

10 मार्च को सोनीपत में मुरथल ढ़ाबे के पास शराब ठेकेदार सरगथल निवासी सुरेंद्र मलिक उर्फ सुंदरा की दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने ठेकेदार को दौड़ाकर मारा था। जिसका बाद में वीडियो भी वायरल हुआ था। बदमाशों ने करीब 35 राउंउ फायरिंग की थी। बदमाशों से बचने के लिए शराब कारोबारी इधर-उधर दौड़ते एक बदमाश को दबोचने का प्रयास करते दिखाई दिए थे। शराब ठेकेदार की हत्या को अंजाम देने के लिए बदमाश कार में सवार होकर आए थे तथा घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे।

## रक्तरंजित होती रही हैं रिटौली में गलियां

हिमांशु उर्फ भाऊ गांव रिटौली का रहने वाला है। हिसार की बोस्टल जेल से फरार होने के बाद उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा तथा करीब एक साल पहले फर्जी पासपोर्ट पर विदेश फरार हो गया। अब विदेश में बैठकर ही अपराध की घटनाओं को अंजाम देता है। मार्च 20222 में सीएससी पर आए रोहित व राजेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजेंद्र ने रोहित को बचाने का प्रयास किया था। कुछ दिन बाद दूसरे पक्ष ने बस मालिक हंसराज की रोहतक आते समय हत्या हुई थी। इसमें हिमांशु उर्फ भाऊ का नाम जुड़ा था

# भाजपा ने हरियाणा को बेरोजगारी व अपराध में शीर्ष पर पहुंचाया : सतपाल ब्रह्मचारी

■ कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने निकाला रोड शो कुलदीप शर्मा भी रहे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गन्नौर में आयोजित रोड शो में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सतपाल ब्रह्मचारी।

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने वीरवार देर सांय गन्नौर हल्के में गन्नौर अनाज मंडी से लेकर गन्नौर मुख्य बाजार तक रोड शो निकाल कर कांग्रेस पार्टी के लिए वोटों की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार घोटालों-घपलों की सरकार है। पिछले दस वर्ष में शराब घोटाला हो या रजिस्ट्री घोटाला भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों की खून पसीने की कमाई को लूटने का काम किया है। सतपाल ब्रह्मचारी ने बताया कि शनिवार को वो खरखौदा हलके के डेढ़ दर्जन से अधिक गाँवों का दौरा कर लोगों से वोटों की अपील करेंगे। दूसरी ओर गोहाना में विधायक जगबीर मलिक, राई में पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया, खरखौदा में जयवीर वाल्मीकि, सोनीपत में विधायक सुरेंद्र पंवार, बरोदा में इंदुराज नरवाल, सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में मेयर निखिल मदान ने डोर टू डोर प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रभारी देवेंद्र गौतम, सुरेश त्यागी, राजेश पहलवान, संतोष गुलिया, संतोष कादियान, संजय खत्री, सतप्रकाश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राकेश कैलाना, सुरेंद्र बैरागी, गल्लू रापड़िया, भूपेंद्र राठी, सुरेश भूटानी, कुलबीर सरोहा, देवेंद्र बूरा, शमशेर शर्मा, विनोद कौशिक, रामफल सैनी, मनीराम नंबरदार आदि मौजूद रहे।

# बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



राई। मुरथल चौक के पास स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परिणाम में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 118 छात्रों में से 90 छात्रों ने मेरिट व 38 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। स्कूल का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल संचालक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकडा ने बताया कि दसवीं कक्षा में स्कूल की छात्रा स्नेहा ने 491/500 प्रथम स्थान, कार्तिक ने 481/500 द्वितीय स्थान व रिकी ने 478/500 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल संचालक रोहित लाकड़ा, साहिल लाकडा, प्राचायी मन्नु व उप प्रधानाचार्य राधिका शमी ने छात्रों की सफलता पर छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ भविष्य में भी इसी तरह परिश्रम करने का संदेश दिया।

# मोदी के नेतृत्व में तरक्की के शिखर पर पहुंच रहा है पूरा देश : मोहनलाल

■ भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने दर्जनभर जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

■ 18 मई को गोहाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का भी दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए।

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान दर्जनभर से अधिक जगहों का दौरा कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। इसके साथ ही 18 मई को गोहाना में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का भी न्यौता दिया। अपने जनसंपर्क के क्रम में मोहन लाल बडौली ने बरोदा विधानसभा अन्तर्गत गुमना, पुठी, रूखी, शिवपड़ी, गंगाना, कोडला, गढ़वाल समेत 15 गांवों व वार्ड में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान बडौली का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। विभिन्न जगहों पर आयोजित चौपाल में उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश तरक्की के शिखर पर पहुंच रहा है। यही कारण है कि, पहले भारत की चर्चा भ्रष्टाचार के मामले में होती थी अब भारत की चर्चा विकास के मामले में होती है। पीएम मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर सोनीपत की जनता एकजुट होकर भाजपा के साथ है। बडौली ने कहा की पीएम मोदी की जनसभा को लेकर पूरे सोनीपत की जनता में भारी उत्साह है।

## ऑनलाइन तरीके से खाते से हजारों रुपये निकले, मुकदमा दर्ज

सोनीपत। शहर थाना क्षेत्र में व्यक्ति के खाते से ऑनलाइन तरीके से धोखाधड़ी करके हजारों रुपये की राशि के निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। जवाहर नगर निवासी सुबे सिंह ने बताया कि उसका भारतीय स्टेट बैंक में खाता है। गत 2 मई को अपनी पासबुक अपडेट करवाने के लिए गया थ्ज्ञा। जहां उसे पता चला कि किसी ने गत 24 व 25 अप्रैल को उसके बैंक खाते से 86850 रुपये निकाले हुए मिले। जबकि उसने ऐसे कोई राशि नहीं निकाली। उसके खाते में मुरथल, गन्नौर, समालखा, पानीपत से राशि को निकाला गया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं हो पाई। मामले को लेकर सीएम विंडो में शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# उद्धव गोपी संवाद व रुक्मणी विवाह का किया वर्णन



गन्नौर। समाजसेवी देवेंद्र कादियान को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करते कथावाचक सुधाकर महाराज। फोटो : हरिभूमि

गन्नौर। बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन महारास लीला, उद्धव गोपी संवाद व रुक्मणी विवाह का गुणगान किया गया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने कहा कि भगवान की महारास लीला काफी दिव्य है। उनके बाल रूप के दर्शन करने के देवी देवता गोकुल पहुंच गए थे। गोपी उद्धव संवाद का वर्णन करते हुए सुधाकर महाराज ने कहा कि गोपियों की कृष्णभक्ति से उद्धव इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने गोपियों की चरण रज की वंदना करते हुए अगले जन्म में गोपियों की चरण रज से पवित्र वृंदावन की लता, औषध, झाड़ी बनने की भगवान की प्रार्थना की और गोप तथा गोपियों से कृष्ण के लिए अनेक भेंट लेकर मथुरा लौट आए। वहीं रुक्मिणी मंगल प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्री कृष्ण रूक्मणी विवाह की सभी रस्में भजनों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने देवेंद्र कादियान को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा सहित अन्य सदस्य संभाल रहे हैं।

